संवेदना

हृदयस्पर्शी भक्तिगीत

- मुनि हीररत्न विजय

जपकोटीसमं ध्यानं, ध्यानकोटीसमो लयः ।
लयकोटीसमं गानं,गानात् परतरं न हि ।

अर्थात् करोड़ों जाप के जितना मूल्य ध्यान का है, करोड़ों ध्यान के समान मूल्य लय का है, करोड़ों लय के समान मूल्य गान का है और गान से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है । ऐसे भक्तिगीत भक्तों को - श्रोताओं को समाधि दशा प्राप्त करवा सकते हैं ।

आत्मा को परमात्मा बनाने का मार्ग बताने वाली तथा भक्तियोग और ज्ञानयोग के नीचोड़ समान हृदय स्पर्शी भक्तिगीतों से भरपूर पुस्तक "संवेदना" के गीतों को संगीत के साथ सुनना चाहते हो एवं इन गीतों पर बने हुए **videos** को देखना चाहते हो...

इस संसार में आरोग्य-सुख-शांति-समृद्धि और सफलता प्राप्त करने के वास्तविक रहस्यों को समझना चाहते हो...

आपके मन में रहे हुए जीवन तथा अध्यात्म संबंधित सवालों का तर्कपूर्ण तथा संतोषकारक समाधान पाना चाहते हो तो हमारी वेबसाईट तथा फेसबुक पेज पर रखे हुए सभी विडीयो तथा विविध सामग्री को अवश्य देखें और हमसे अवश्य संपर्क करें...

Website:- www.bhagwankajawab.com

join us with :- bhagwan ka jawab

E-mail : bhagwankajawaab@gmail.com

For Whatsapp Group :-

Mo. : +91 7383254697- सौमिलभाई

नंबर **save** करे तथा अपना नाम-जाति-धर्म एवं शहर का नाम लिखकर मेसेज भेजे

join me in "bhagwan ka jawab"

Mo. +91 7777993778- प्रफुलभाई

॥ ॐ ह्रीँ अर्हं श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथाय नमः ॥
॥ श्री प्रेम-भुवनभानु-जयघोष-जितेन्द्रसूरि सद्गुरुभ्यो नमः ॥
॥ ऐं नमः ॥

संवेदना

(हृदयस्पर्शी भक्ति गीत, धुन एवं स्तुतियां)

** आशीर्वाददाता **

दीक्षा दानेश्वरी आचार्य भगवंत
श्रीमद् विजय गुणरत्नसूरीश्वरजी म. सा.
प्रवचन प्रभावक आचार्य भगवंत
श्रीमद् विजय रश्मिरत्नसूरीश्वरजी म. सा.

रचयिता : *मुनि हीररत्न विजय*
संपर्क : सौमिल - +91 7383254697
bhagwankajawaab@gmail.com

*** प्रकाशक एवं प्राप्तिस्थान ***

परम प्रीत परिवार

C/o- राहुल जे. शाह, कोहिनूर फैशन हाउस,
हाजा पटेल पोल के सामने, टंकशाल, कालुपुर,
अहमदाबाद-1. मो.:- 9898111213

कीमत : 50/- रुपये ई. स. - २०१८ नकल - **2000**
आवृत्ति - पंचम वि. सं. - २०७४ वीर सं.२५४४
नवरंग प्रिन्टर्स :- 9428 500 401

किञ्चिद् वक्तव्यम्.....

अनादि काल से इस संसार में सुखी बनने के लिये हमारी आत्मा ने आज तक अनगिनत प्रयत्न किये फिर भी स्थाई सुख नहीं मिला और बार-बार नया-नया दुःख आये बिना रहा नहीं। इसका मूल कारण यही है कि सुख की खोज ऐसे स्थान पर है जहाँ पर सुख का नामोनिशान भी नहीं है।

अगर वास्तव में शाश्वत् सुख को पाने की तीव्र आकांक्षा हो और इस संसार के दुःखों से हमेशा के लिये मुक्त होना ही चाहते हो तो ऐसा कौनसा काम करें कि हमारी यह इच्छा पूरी हो ?

उसका जवाब हैं, "आत्मज्ञान प्राप्त करके अपनी आत्मा के भीतर रहे हुए परमात्म तत्त्व को प्रकट करना।" हमारे जीवन में आने वाले समस्त दुःखों को हमेशा के लिये अलविदा कैसे करे ? अपनी आत्मा को परमात्मा कैसे बनाए ? भगवान बनने के लिये हमारा वर्तमान जीवन कैसा होना चाहिए ? यहीं बात इस पुस्तक में संवेदनात्मक भक्तिगीत एवं स्तुतियों के माध्यम से बताई गई है।

योगग्रंथों के अनुसार जिसके जीवन में परमात्मा के प्रति अतिशय प्रीति और अहोभाव युक्त भक्ति हो ऐसा व्यक्ति ही परमात्मा के निकट पहुँच सकता है। परमात्मा के प्रति प्रीति और भक्ति बढ़ाने के लिये यह पुस्तक अत्यंत उपयोगी है। इसके नित्य उपयोग द्वारा हम सभी शीघ्र ही परमात्म पद को प्राप्त करके अनंत शाश्वत सुख के भोक्ता बनें यही शुभाभिलाषा.....!

– *मुनि हीररत्न विजय*

अनुक्रमणिका

(A) हिन्दी गीत विभाग **पृष्ठ क्रमांक**

1. अनंत भवों में दुर्लभ जो (**15**) १

2. हर आफत आशिष बन जाय (**17**) २

3. भव समंदर का किनारा तू (**16**) ३

4. ना लेना जनम अब रे (**64**) ४

5. मैं हूँ बस वही (**22**) ५

6. आया तेरी शरण (**19**) ६

7. जैसे अंधे को नजर (**18**) ७

8. चलना है अब मुझे ८

9. प्रभु अब तुझको जाना (**23**) ९

10. सुनो ना मेरे प्रभुवर (**20**) १०

11. सिखाया तुने जीना-जीना(**13**) ११

12. मैं नित करता गलती (**14**) १२

13. **Reply of God to PK** (**1**) १३

14. कोई तेरे खातिर है मर रहा (**21**) १४

15. चार दिनों की चांदनी (**33**) १५

16. धर्म ही सुखदायी (**24**) १६

17. विश्व शांति गीत (**69**) १८
18. तेरा संग प्यारा २०
19. प्रजा के मन की बात (**59**) २१
20. मुझे मुक्ति दो (**12**) २२
21. कोमेडी सोंग (चातुर्मास विदाई) २३
22. भगवान तेरा नाम सुहाना २३
23. प्रभुवर तेरा परचा बडा है २४
24. तेरा प्रभु हो साथ सदा (**6**) २५
25. मैने प्रियतम तुझे मेरा माना (**7**) २६
26. ओ प्राण प्यारे मेरे नाथ (**32**) २७
27. भगवान का जवाब (**4**) २८
28. अर्पण कर दूँ सब तुझको (**31**) ३०
29. जब अपना यहाँ नजर न कोई (**28**) ३१
30. प्रभु की चिट्ठी (**2**) ३२
31. भगवान बनने का मार्ग (**3**) ३३
32. प्रभु तेरा ये कैसा रहम (**29**) ३५
33. तू ही तू ही, अब दिल, ये पूकारे (**30**) ३६
34. आज प्रभु मोरे घट आओ... (**25**) ३७
35. मुझको सुख इस जहाँ में (**35**) ३८
36. प्रभु अब तुझसे दिल लगाना है (**26**) ३९

37. ये दुर्गुण ही हमें भटकाते है ४०
38. दुर्लभ मिला है तुझको (**5**) ४१
39. ओ मेरे भगवान... (**27**) ४२
40. मेरे भगवान ओलवेज उपकारी (**10**) ४३
41. कर दे अर्पणम्, जीवन अर्पणम् (**9**) ४५
42. जैनत्व जागृति गीत (**55**) ४७
43. जय हो जिनशासन (**36**) ४९
44. जिनशासन वंदना गीत (**69**) ५०
45. ग्रंथ विमोचन गीत ५१
46. अरिहंत परमात्मा की आरती (**63**) ५२
47. मुझको प्रभु बस तेरी ५३
48. वंदे गुरुवरम् (गुरु महिमा गीत) (**60**) ५४
49. गुरु मोरे मन आयो (गुरु महिमा) (**54**) ५५
50. नहीं देखा भगवान को मैने (गुरु महिमा गीत)...५७
51. हे परमेश्वर... हे जगनाथ... (**67**) ५८
52. जब सबने ही मुझे ठुकराया (**58**) ५९
53. पार्श्व शंखेश्वर मेरो (**68**) ५९
54. शासन गीत (**8**) ६०
55. होता है उसका जय-जयकारा (मृत्यु गीत) ..६१
56. दीक्षा लेवी दीक्षा ६२
57. आओ ऐसा संयम जीवन (संयम गीत)(**56**) ६३
58. कर रहे हम विदा ये चमन (संयम गीत)(**34**).....६४

59. मुमुक्षु विदाई गीत (संयम गीत) (**62**) ६५
60. दीक्षा मन को सुहाई ६६
61. कलिकाल सर्वज्ञ श्रीहेमचंद्रसूरि गुणगान-१ ...६७
62. कलिकाल सर्वज्ञ श्रीहेमचंद्रसूरि गुणगान-२ ...६८

(B) गुजराती गीत विभाग

63. भगवाननो जवाब (**37-46**) ६९
64. एवुं दे वरदान (**11**) ७१
65. फरी लेवो पडे ना जनम (**38**) ७२
66. जगना तारणहार (**40**) ७३
67. प्रभु तुं तो मारो छे (**44**) ७५
68. ओ करुणाना सागर प्रभु (**43**) ७७
69. आत्म संवेदना ७८
70. स्मरणमां ने सुपनमां (**39**) ७९
71. सामु जुओने प्रभु... (**67**) ८०
72. करुणा सागरनुं बिरुद जो धारो (**41**) ८२
73. प्रभु वीरनुं हालरडु (**45**) ८३
74. प्रभु पार्श्वनाथ स्तुति ८४
75. मारा जीवननी आश तमे (**42**) ८५
76. वरसी तपना पारणानुं गीत (**66**) ८६
77. रसनादेवीने वश करनारा ८७
78. प्रतिष्ठा वधामणां गीत ८८
79. आ संसार छे असार (**65**) ८९
80. श्री आदिनाथ धुन ९०

81. आत्मनिंदा गीत ९१
82. पर्युषण पर्व क्षमापना गीत (**57**) ९२
83. मारी बैरी रे – कोमेडी सोंग ९३
84. दीक्षा महोत्सव के महत्त्वपूर्ण गीत ९४
85. संयम उपकरण वंदना–१ .....९५
86. संयम उपकरण वंदना–२ .....९७
87. भाव संयमीनी जीवनचर्या ९८
88. दीक्षार्थीनो जय जयकारा १००

(C)अन्य निर्मित गीतो का हिंदी अनुवाद

89. साधु बने वो महान १०१
90. ओघा है अनमोला १०२
91. जा संयम पंथे दीक्षार्थी १०३
92. कभी बनुँगा मै तो सच्चा रे संत ? १०४
93. साधना का पंथ १०५
94. याद आये मेरी माँ १०६

(D)अन्य रचनाएं

95. १४ स्वप्न नृत्यगीत १०७
96. अरिहंत वंदना धुन ११७
97. तपो वंदना धुन १२१
98. आत्म स्मरणावली (धुन) (**53**) १२५
99. संवेदना पच्चीशी (**47 to 52**) १२९
100. श्री महावीर + कल्पसूत्र वंदनावली १४३

101. पंचसूत्र परिभावना १५४
102. नवकार अष्टक १६१
103. आंतर प्रार्थना १६३

(E) गुरु गुण गंगा

104. सप्तगुण संवेदना १६४
105. आचार्यपद गुण गरिमा १६८
106. आचार्य पद स्तवना १६९
107. श्री प्रेमसूरीश्वरजी जीवन चरित्र (**70**) १७०
108. सूरि प्रेम भक्ति गीत १७२
109. भुवनभानु सूरि गुणगान १७३
110. जितेन्द्रसूरि गुणगान १७४
111. सूरि जितेन्द्र वंदनावली १७५
112. दीक्षा दानेश्वरी प्यारा (**71**) १७७
113. ४०० दीक्षा गुणगान गीत १७९
114. श्रुतज्ञान गुणगान १८०

इस पुस्तक में से जो गीत संगीत के साथ रिकोर्ड हो चुके है वे हमारी वेबसाइट तथा युट्युब चेनल पर उपलब्ध है। यहाँ पर जो ब्रेकेट में नंबर दीये गए है उस नंबर पर वे गीत संगीत के साथ उपलब्ध हैं।

ज्ञान दशा से जब होती है, भव भ्रमण की वेदना
भक्त हृदय से तब उठती है, प्रभु मिलन संवेदना ॥

अनंत भवों में दुर्लभ जो

(तर्ज- महोब्बत बरसा देना तू)

अनंत भवों में दुर्लभ जो, जन्म वो पाया है,
प्रभु अब तुम सम बनने का, मौसम आया है,
सबको भुला के अब, तुझको मनाना है,
इश्क में तेरे पागल बन जाना है,
तेरी ही बात में मुझको, ऐतबार आया है, अनंत भवों में...

अब तो एक पल की भी जुदाई सही जाए ना,
जब तक ना मिले तू यहाँ चैन मुझको आए ना,
आना है अब तेरे पास दुनिया सारी छोड़कर,
अब ना और भटकना है, जग के पीछे दौड़कर,
हुए सभी यहाँ अवतार है मेरे,
जहाँ सुख से भी ज्यादा दुःख पाया है
मरण को शरण में करने का जन्म ये पाया है, प्रभु अब...(१)

दुनिया कहे पागल मुझे तो भी उसे कहने दो,
तेरे ही खयालों में प्रभुवर मुझे रहने दो,
जब-जब तुझको भूला हूँ मैं, खाई मैने मार है,
जग को जीता है पर मैंने, पाई खुद से हार है,
गैरों की क्या यहाँ बात करुँ मैं,
मुझे अपनों ने भी ठुकराया है,
आतम का 'हीर' जगे ऐसा जन्म ये पाया है, प्रभु अब...(२)

हर आफ्त आशिष बन जाए

(तर्ज- मैं और तुम गर हम हो जाते)

हर आफत आशिष बन जाए
तू जो प्रभु मेरे दिल में आए[2]
जग की सब इच्छा मिट जाए, तू जो प्रभु...
तेरे बिना, मैं जाऊ कहाँ ? ना कोई मेरा है यहाँ
जीवन का मकसद मिल जाए, तू जो प्रभु...

भवोभव भटका सुख ना पाया, हार के तेरे द्वार पे आया
तुझमें जो खो जाए, मन की शांति पाए,
दुःख के दिन में भी वो हँसता है यहाँ,
जन्म-मरण का भय न सताए,
तू जो प्रभु मेरे दिल में आए[2], जग की सब...(१)

कौन है अपना, कौन है पराया,
तुझसे ही जग का सार है पाया
सजना तुझको बनाऊँ, तुझ पर मैं मर जाऊँ
तुझको ही पाने अब रहुँ मैं जिंदा,
तेरा 'हीर' मुझे मिल जाए,
तू जो प्रभु मेरे दिल में आए[2], जग की सब...(२)

भव समंदर का किनारा तू

(तर्ज-मुस्कुराने की वजह तुम हो)

भव समंदर का किनारा तू, मेरे आतम का सहारा तू
प्रभु तू ही है, तू ही है, तू ही है मेरा राहबर[२]
छोड़ा मुझको, क्यों अकेला यहाँ, आना चाहूँ, रहता है तू जहाँ
प्रभु तू ही है, तू ही है, तू ही है, मेरा राहबर[२]

तूने बतलाया, स्वार्थी जग सारा,
सुख के बदले, दुःख ही पाए, गर लगे प्यारा,
बात तेरी सुने, फिर भी पाप करे,
ऐसे जीवों ने यहाँ पर, भव अनंत धरे,
प्रभु तू ही है, तू ही है, तू ही है, मेरा राहबर[२] राहबर [१]

ना रुचि फिर भी, तुझसे प्रीत करे,
चौरासी के चक्र में वो, फिर ना जन्म धरे,
तेरी बात सुनुँ, सद्बुद्धि तू दे,
तेरे सम मैं भी बनुँ, यह 'हीर' मुझको दे
प्रभु तू ही है, तू ही है, तू ही है, मेरा राहबर[२] [२]

राहबर..... राहबर..... राहबर.....

ना लेना जनम अब रे

(तर्ज- सनम रे, सनम रे)

भीगी भीगी आँखों से मैं, तेरा इंतजार करुं
होठों से नहीं दिल से, बस तेरा ही नाम धरुं,
तुझको मैं यूँ खोजूँ, के तुझमें ही खो जाऊँ,
हौले-हौले जीवन मेरा, प्रभु तेरे हवाले करुं,
जनम रे, जनम रे, ना लेना जनम अब रे[२],
शरण रे, शरण रे, आया तेरी शरण अब रे..... जनम रे...
तेरी कृपा जो मुझको मिले तो, मिटे मेरे मरण रे... जनम रे...

जो मिला मुझको यहाँ, संतोष उसमें नहीं है,
खोजता मैं रहा यहाँ, पर सुख तो और कहीं है,
सुख को पाने की आशा में, बस यातनाएँ सही है,
मेरे ये भ्रम सब तोड़ दिये, कहा धरम तूने मेरे लिये,
प्रभु तुने ही बदला है मुझको, इसमें ना वहम रे,
जनम रे, जनम रे..... (१)

पागलों की तरह ही तो, मैने जीवन ये बिताया है,
भव अनंत घुमाए जो, उन दोषों को बढ़ाया है,
सब सुखों का आधार जो, उस धर्म को भुलाया है,
मेरा अब एक सहारा है तू, आतम को मेरे जगाया है तू,
तेरा 'हीर' ही अब तू दे मुझे, मैने माना तुझे सनम रे,
जनम रे, जनम रे, ना लेना जनम अब रे,
शरण रे, शरण रे, आया तेरी शरण अब रे.....(२)

मैं हूँ बस वही

(तर्ज- तू है के नहीं ?)

मुझको प्रभु तू इतना बता दे, मेरे हृदय के भीतर तू है कि नहीं ?
तुझको जहाँ में ढूँढ़ता फिरा मैं, मठ और मंदिरों में तू है कि नहीं ?
पर तूने ही बताया तेरा पता
जहाँ हिंसा नहीं, जहाँ इच्छा नहीं,
मैं हूँ बस वहीं, मैं हूँ बस वहीं,

ना ही सोचा, ना ही समझा, पाने जैसा क्या यहाँ ?
ना ही खोजा, दुःखरहित जो, वो ठिकाना है कहाँ ?
धन के खातिर, खुद को बेचा, दुर्गुणों को ही भरा,
तुझको पाने का ही नाटक, करता भवोभव मैं फिरा,
पर तूने ही बताया तेरा पता
जहाँ माया नहीं, जहाँ ममता नहीं,
मैं हूँ बस वहीं, मैं हूँ बस वहीं,... (१)

इस जीवन में, जो खुशी है, उसकी तू ही है वजह,
तू जो मुझ पे, खुश हुआ तो, देता तेरी ही जगह,
सोच मेरी, है अधूरी, पर तमन्ना ये रहे,
खोज मेरी, अब हो पूरी, 'हीर' इतना ही कहे
पर तूने ही बताया तेरा पता
जहाँ इर्ष्या नहीं, जहाँ निंदा नहीं,
मैं हूँ बस वहीं, मैं हूँ बस वहीं ... (२)

आया तेरी शरण

(तर्ज-सुन रहा है ना तू)

तेरी कृपा मुझ पे बहा दे.....

भगवन..... भगवन..... भगवन.....

मुझको सद्‌बुद्धि दे, मन की विशुद्धि दे,

आतम से छलके ऐसी गुणों की समृद्धि दे,

जग से विरक्ति दे, तेरी ही भक्ति दे,

तेरी ही राहों पे मैं, चलूँ ऐसी शक्ति दे,

तेरी कृपा मुझ पे बहा दे, मेरा सोया आतम जगा दे,

आया तेरी शरण[२] कर दे तू रहम[२]

आया तेरी शरण[२] कर दे तू अब रहम.....

मंजिले भूला हूँ, भटका हूँ रासता,

मुझको अब ले जा, जहाँ तू है शाश्वता,

तू मेरा भगवन् है, तू मेरा जीवन है,

तेरी कृपा मुझ पे बहा दे, मेरा सोया आतम जगा दे.....

आया तेरी शरण..... (१)

दर्शन मिला तेरा, दूर हुए सब भरम,

स्पर्शन भी देकर, कर धन्य मुझ जनम,

तू काल अनंते मिला, अब तेरा 'हीर' दिला,

तेरी कृपा मुझ पे बहा दे, मेरा सोया आतम जगा दे.....

आया तेरी शरण..... (२)

जैसे अंधे को नजर

(तर्ज- जैसे बंजारे को घर)

जिसे पाने मैं भवोभव भटका, उस शाश्वत सुख का ठिकाना,
जहाँ भव भ्रमणा रुक जाए, उस मोक्ष में है अब जाना,
जहाँ फिर कभी दुःख ना आए, सब जन्म-मरण मिट जाए,
परमातम खुद बन जाए, दुर्गुण जो दूर हो जाए,
हम्... इस बात से बेखबर, मैं भटकता था मगर,
प्रभु मुझको तू मिला है, जैसे अंधे को नजर[२]
तेरी अमृत सम असर, जो कर देती अमर, प्रभु मुझको...

तू ही भव का किनारा, आतम का सहारा, तुझसे रहा था दूर मैं मगर,
तेरी बात ना मानी, बस खुद की ही तानी,
अंधियारा किया जीवन में जानकर,
भव है भयानक भूल गया, बस पापों को किया,
दुर्गुण से मुझको तू छुड़ा रहा...
हम्... जैसे रोगी को वैद्य घर, या रण में जल नहर,
प्रभु मुझको तू मिला है, जैसे अंधे को नजर... (१)

हर कोई दुःखी है, तन-मन या धन से,
पर सुख की आशा तो सबकी है अमर,
ना किसका यहाँ पर कोई सुख टिकता है, बस रेत में ही बांधे है अपने घर
अब समझा हूँ सभी मैं यहाँ के खेल में खतरा बड़ा,
प्रभु तूने दिया है ज्ञान पूरा,
मैं आऊँ तेरी डगर, तेरा 'हीर' मिले अगर, प्रभु मुझको... (२)

चलना है अब मुझे

(तर्ज-क्यारे बनीश हुँ साचो रे संत)

चलना है अब मुझे प्रभु तेरे पंथ,
करना है अब मेरे जन्मों का अंत...

जो भी मिला वो लेने मैं दौडा,
जन्मा हूँ क्यों मैं, सोचा ना थोडा,
लिखना नहीं फिर भूलों का ग्रंथ,
करना है अब मेरे जन्मों का अंत

चलना है अब ... (१)

बहुत सहा जब समझ नही थी,
सहा नही जब समझ सही थी,
सहने में ही अब पाना आनंद,
करना है अब मेरे जन्मों का अंत

चलना है अब ... (२)

भटका था अब तक सुख को पाने,
दुःख ही मिला मुझे सुख के बहाने,
पाना है अब निज 'हीर' अनंत,
करना है अब मेरे जन्मों का अंत

चलना है अब ... (३)

प्रभु अब तुझको जाना

(तर्ज- कभी जो बादल बरसे)

प्रभु अब तुझको जाना, बना तेरा मैं दीवाना,
मिले अब गम या खुशियाँ, ना भूलूँ तुझे
तुझे मुश्किल से पाया,
तू बन जा मेरा साया,
जुदा ना होना मुझसे प्रभुवरा.....

पहले कभी तुझे मैने देखा नहीं,
और तेरी बात भी तो सुनी नहीं,
मिला है मुझको अब तू यहाँ,
तेरे बिना भटका मैं जहाँ,
पाया था मैने दु:ख ही बस वहाँ,
ओ प्रभुवरा.....
तू मेरा... तू मेरा नाथ है, तू मेरे... तू मेरे साथ है
प्रभु अब तुजको जाना... (१)

तू जो मिले, मेरे दुर्गुण टले,
और मुझे शांति सद्‌गति मिले,
ना चाहूँ तुझे फिर भी तू मुझे,
तेरे ही चरणों में स्थान दे
तेरे ही सम 'हीर' से मैं बनुं, तुझ समा...
प्रभु अब तुझको जाना... (२)

सुनो ना मेरे प्रभुवर

(तर्ज- सुनो ना संगेमरमर)

सुनो ना मेरे प्रभुवर जग रखवाले, जीवन ये मेरा तेरे हवाले
आज से दिल में मेरे स्थान तुम्हारा, गान तुम्हारा,
सुना है मैने तू ही जग को संभाले,
कहूँ मैं इतना ही मुझको बचा ले,
थामा है अब तो मैने हाथ तुम्हारा, साथ तुम्हारा,
सुनो ना मेरे प्रभुवर.....

बिन तेरे जीवन पूरा, लगता था मुझको अधूरा,
जब से सुना है तुझे, लगता है अब यूँ मुझे, सब मिल गया है,
सुना है तेरी बातें जो अपना ले, धन तो क्या तेरा पद वो कमा ले,
बन जाए तत्क्षण ही वो किसमत वाला, सबसे निराला
सुनो ना मेरे प्रभुवर जग रखवाले... (१)

आँखों में तू ही मेरे, सपने भी आए तेरे,
रातों में रोता रहूँ, किसको ये बातें कहूँ, तू ही बता दे
सुना है तुझको जो लक्ष्य बना ले,
जग में यहाँ फिर जन्म वो ना ले,
'हीर' कहे वो बने जग का सहारा, तारणहारा,
सुनो ना मेरे प्रभुवर जग रखवाले... (२)

जीना - जीना

(तर्ज:- जीना - जीना)

पतझड़ सा था मेरा तन-मन, तूने किया सावन,
अब धन तो क्या, पूरा जीवन, कर दूँ तुझे अर्पण,
सिखाया तूने जीना-जीना, कैसे जीना,
सिखाया तूने जीना मुझे भगवन.....
ना और कहीं जाना-जाना, कहीं जाना,
ना तेरे बिना जाना कहीं भगवन
जो साथ ना कभी छोड़े, वो मिला है अब साजन,
तेरी प्रीत से करुँ मैं भी, परमात्म पद अर्जन,
है अब तुझे माना-माना, तुझे माना,
है अब तुझे माना मेरा प्रीतम,
ना और कहीं जाना-जाना, कहीं जाना,
ना तेरे बिना जाना कहीं भगवन
अब मैने अनुभव पाया, तेरी ही बात खरी है,
अवसर ने समझाया, दुनिया ये स्वार्थ भरी है,
तेरे ही पास में आने, हुआ मेरा सर्जन
ओ, तेरे 'हीर' से मेरी हर क्षण वन से बने उपवन,
अब धन तो क्या पूरा जीवन कर दूँ तुझे अर्पण,
सिखाया तूने जीना-जीना कैसे जीना
सिखाया तूने जीना मुझे भगवन
ना और कहीं जाना-जाना, कहीं जाना,
ना तेरे बिना जाना कहीं भगवन

मैं नित करता गलती

(तर्ज- मैं तेनु समझावा की)

तू प्रभु उपकारी, तू प्रभु... तू प्रभु... (४)
मैं नित करता गलती, ना सुनी तेरी मरजी,
तू रखे नित ध्यान मेरा, मैं भूला उपकार तेरा,
तू कर भूल माफ मेरी, मैं नित करता गलती...

तेरी कृपा से आज ये मैने, दुर्लभ जन्म है पाया,
तूने जो छोड़ा उसको पाने, जीवन व्यर्थ गँवाया,
मुझे प्रभु... हाय... इतना बता, मैं जाऊँ कहाँ ?
तू है आधार मेरा, मैं भूला उपकार तेरा,
तू कर भूल माफ मेरी, मैं नित करता गलती... (१)

तू प्रभु कहाँ चला गया ? (२) मुझे यूँ छोड़ के,
मुझे भी बुला दे वहाँ (२) आऊँ मैं दौड़ के,

पापी अधम भी, तुझको पाकर तेरे सम बन जाए,
जैसा भी हूँ, पर तेरा हूँ, मुझको क्यों न बचाए,
तेरी दया... हाय... 'हीर' मेरा, है प्राण मेरा,
तू हरे संसार मेरा, मैं भूला उपकार तेरा,
तू कर भूल माफ मेरी, मैं नित करता गलती... (२)

Reply of God to PK

(तर्ज- भगवान है कहाँ रे तू)

तेरी हर गलती मैं हरदम माफ करता हूँ,
मेरा पद देने तुझे तैयार करता हूँ,
भगवान कह रहे हैं यूँ, इन्सान सुन ले मेरी तू...

तुझको सारे सुख यहाँ पर मैं दिलाता हूँ,
आफतों में भी तुझे हँसना सिखाता हूँ,
भगवान कह रहे हैं यूँ, इन्सान सुन ले मेरी तू...

धन पाने मरे, यम से तू डरे, ना पता है क्यों जन्मा यहाँ ?
जो मिला है तुझे, वो कम ही लगे, ले जाएगा साथ में क्या ?
ले जाएगा साथ में क्या ? ले जाएगा साथ में क्या ?
सुख में भूले, दुःख में ही क्यों मुझे बुलाता है ?
जानकर क्यों दुःखभरे अवतार पाता है ?
भगवान कह रहे है यूँ, इन्सान सुन ले मेरी तू...

भव अनंत धरे, हर बार करे, सुख पाने पुनरावर्तना,
सुख बिंदु मिला, दुःख सिंधु मिला, अब कर दे तू परिवर्तना,
अब कर दे तू परिवर्तना, अब कर दे तू परिवर्तना,
फिर ना जन्म हो, ऐसा मैं आराम देता हूँ,
मेरा 'हीर' मिले तुझे ये इनाम देता हूँ,
भगवान कह रहे है यूँ, इन्सान सुन ले मेरी तू...

कोई तेरे खातिर है मर रहा...

(तर्ज- बातें ये कभी ना तू भूलना)

वाणी ये प्रभु की ना भूलना, कोई तेरे खातिर है मर रहा,
मुक्ति ना हो तेरी, तब तक यहाँ, कोई तेरे खातिर है मर रहा,
तेरी हमेशा कद्र करे, तुझको हमेशा जिंदा रखे,
तेरे लिये वो शहीद हुआ...

वाणी ये प्रभु की.....

जल और जमीं, वायु-अग्नि, कण-कण में इनके जिंदगी,
वनस्पति ये जीव सभी, बचने करे नित बंदगी,
तू जो महोब्बत रब से करे, बंदे ये उसके तुझसे कहे,
क्यों हमको कुचले बन अजनबी...

वाणी ये प्रभु की.....(१)

देशप्रेमी लोगों ने दी, निज प्राणों की आहूति,
मर के बचाइ धर्मीजनों ने, भारत की ये संस्कृति,
अवतारों की ये भूमि सदा, अवतार फिर ना होगा यहाँ,
जो ना जगेगा 'हीर' तेरा...

वाणी ये प्रभु की.....(२)

जो प्रभु की बात को नहीं सुनता उसे पूरी दुनिया की बात को सुनना पड़ता है।

चार दिनों की चाँदनी

(तर्ज- कसमे-वादे-प्यार-वफा सब)

चार दिनों की चाँदनी ये, जग है सपने की माया,
साथ तेरे आए कुछ ऐसा, इस जग में तू क्या पाया ?
चार दिनों की चाँदनी...

क्या लेकर के[१] आया तू बंदे, क्या लेकर के जाएगा,
पुण्य की गठरी[२] जो ना बांधी, तो भवोभव पछताएगा
मौत छुड़ाए[३] उसके पहले, छोड़ा उसने है पाया,
चार दिनों की चाँदनी... (१)

सुख का खजाना[२] है तुझ अंदर, क्यों बाहर तू भटक रहा,
शाश्वत धन[२] पाने के बदले, नश्वर धन में अटक रहा,
दुनिया को[२] समझाता है पर, तू क्यों खुद ना समझ पाया,
चार दिनों की चाँदनी ये, जग है सपने की माया..... (२)

क्या पाने तू[२] जन्मा था और क्या पाने तू दौड़ रहा
खुद की चिंता[२] छोड़ के जग की, चिंता में सिर फोड़ रहा
खुद का 'हीर[२]' बढ़े कुछ ऐसा, कर ले इतना बस भाया... (३)

चार दिनों की चाँदनी ये, जग है सपने की माया,
साथ तेरे आए कुछ ऐसा इस जग में तू क्या पाया...
चार दिनों की चाँदनी...

धर्म ही सुखदायी

(तर्ज- हे शुभारंभ, हो शुभारंभ)

हमारा भाग्य खिला, सत्य ज्ञान मिला, मन में हरख न माए...माए
सुख का राज खुला, शाश्वत मार्ग मिला,
निर्भय आतम हो जाए...जाए
स्वयं का परिचय पाए, परम स्पर्श मिल जाए,
रोम-रोम पावन हो जाए... जाए...जाए...जाए
भव अनंत बाद में ये बात समझ है आई,
धन नहीं पर धर्म ही है विश्व में सुखदाई-सुखदाई [३]

चाहे जितना कर जमा ना साथ आना है,
साथ जो रहे उसे ही अब तो पाना है,
सुख की भ्रमणा में समय ना अब गवाना है
दुःख ना आए फिर कभी वो स्थान पाना है... सुखदाई [३]

दुःख भरा संसार है ये, सुख कहाँ है भाई,
सुखभरा समझा था जिसको, निकला वो दुःखदाई,
चौरासी लाख के, चक्र में हम, भटके यहाँ पे हाय-हाय
खुद के दोषों को, जीत लें तो,
बेडा पार हो जाए... जाए...जाए...जाए
हाँ...ना हो जनम कभी, ना मिले मरण कभी,
ऐसी हो जिंदगी, हो...

दुआ देंगे सभी, प्रगटेगा 'हीर' भी, कर ले जो बंदगी...
मानव जन्म दुर्लभ ये अब ना खोना है,
जागने का ये समय है, अब ना सोना है,
जो चला गया है उसको अब ना रोना है,
हाथ में जो है उसे ही अब सजोना है सुखदाई ३

है कर लो थोड़ा धरम हो, हे करो... करो...

भव अनंत बाद में ये बात समझ है आई,
धन नहीं पर धर्म ही है विश्व में सुखदाई...

दुःख भरा संसार है ये सुख कहाँ है भाई
सुख भरा समझा था जिसको निकला वो दुःखदाई...

वातावरण में जितनी भी समस्याएं है उन सभी का मूल अंतःकरण में पडा हुआ है क्योंकि विचार ही गंदे हों तो वर्तन तो गंदा होगा ही तथा विचारों को गंदा बनाने का काम भी वातावरण ही करता है। इसलिये भारत को अगर सुधारना है तो सबसे पहले गलत वातावरण को सुधारो। वातावरण सुधरेगा तो ही विचार सुधरेंगे और विचार सुधरेंगे तो ही व्यक्ति, समाज तथा देश भी सुधरेगा।

विश्व शांति गीत

(तर्ज- ऐ मेरे वतन के लोगो)

साखी:

ओ मानव के अवतारों, तुमको जीवन है प्यारा,
जीव मात्र भी जीना चाहे, मरना ना किसीको है प्यारा
पर खुद के स्वार्थ के खातिर, जो करते हैं हिंसा पराई
वो मानव नहीं दानव है, २ जो पीड़ा न जाने पराई २...

ओ मांस को खाने वालों, छोड़ो अब ये मिजबानी,
जो कत्ल हो रहे उनकी, सुनो दर्दभरी ये जुबानी,
मांगी थी प्रभु ने बुराई, ना मांगी कोई जिंदगानी,
जो कत्ल हो रहे... (१)

जो तुमको दुःख नापसंद है, तो क्यों हमको तड़पाओ ?
जो ताकत हो तो खुद को, एक सुई भी तो चुभाओ
दुःख दोंगे दुःख ही मिलेगा, यहीं सब ग्रंथों की है वाणी...
जो कत्ल हो रहे... (२)

हम घास ही तो खाते है, फिर भी काटे जाते है,
सोचो उनका क्या होगा ? २ जो अंडे व मांस खाते है
शरणागत को जो मारे, कहते है उसे हैवानी...
जो कत्ल हो रहे... (३)

जैसा भोजन वैसा मन[२], हिंसकता मांस से आए[२],
ना शांति मिले कभी उनको[२], आपस में ही लड मर जाए[२]
खुश होते प्रभु उस पर ही, खुद मर के बचाए जो प्राणी...
जो कत्ल हो रहे... (४)

हम मानव बिन जी सकते, पर हम बिन तुम संकट में
मारोंगे जितने हमको, उतने तुम भी आफत में
जो जीना हो तुमको तो[२], रक्षो तुम सारे प्राणी,
वर्ना वो तांडव होगा...[२], ना मिलेगी तुम्हारी निशानी[२],
जो सर्व जीव हितचिंतक, भगवान बने वहीं प्राणी
जो कत्ल हो रहे... (५)

करुणा... करुणा... जीव मात्र पे करुणा[२]
करुणा... करुणा[४]...

दूध पीते समय अगर हमारे ही नाक में से उस दूध के अंदर रक्त गिरे तो हम उस रक्त मिश्रित दूध को नहीं पीते । तो जिस वस्तु के अंदर पशुओं का रक्त मिला हो ऐसे मांस को हम कैसे खा सकते है ? अगर आपको काटकर आपका मांस कोई खाए तो आपको कैसा लगेगा ? मांस=माम् सः अर्थात् 'मुझे भी वह' (खाएगा जिसका मांस मैं खा रहा हूँ ।)

तेरा संग प्यारा

(तर्ज- तेरे संग यारा)

तेरा संग प्यारा, है तारणहारा,
तू जो मिल जाए, मैं छोड़ूँ जग सारा

मेरा भाग्य सवाया है, तेरा दर्शन पाया है,
तेरी बात सुनी तब से, मुझे जीना आया है,
ओ तेरा संग प्यारा, है तारणहारा,
तू जो मिल जाए, मैं छोड़ूँ जग सारा,
तू प्राण आधारा, है सबका सहारा, प्रभु तूने ही मुझे है सुधारा...

तेरे बिना यहाँ पर भटका मैं,
दुःख को सुख मान के अटका मैं,

अब मिला है मुझको सुखभरा, वो मार्ग तू,
मेरे चारों तरफ अंधकार है, मुझ पर बस तेरा उपकार है,
मेरे जीवन में प्रगटा ज्ञान का वो तेज तू...
मेरा भाग्य सवाया है... तेरा संग प्यारा, है तारणहारा,... (१)

अब करुंगा ना कभी गलतियाँ, तू दे दे प्रभु मुझे माफियाँ,
मैने पकड़ा है तेरा हाथ अब, तू जान ले,
अब रहना है तेरे साथ ही, ना होंगे जुदा हम फिर कभी,
बन जाऊँ मैं तेरे सम यही, दे 'हीर' तू...
मेरा भाग्य सवाया है... तू प्राण आधारा, है सबका सहारा,
ना लेना अब फिर, मुझे अवतार... (२)

प्रजा के मन की बात

(तर्ज- हे प्रभु ! आनंददाता)

भूखा न सोए मानवी, ना हो कतल पशु की कभी,
बेरोजगारी ना यहाँ, अपराध भी ना हो कभी,
ना हो प्रदुषित जल-जमीं, वायु कभी यह कीजिए,
ओ मोदी ! भारत को हमेशा विकास ऐसा दीजिए[२]... (१)

ना आत्महत्या ना कभी, अश्लीलता को स्थान हो,
करना पड़े ना देह विक्रय, दिल से सब इन्सान हो,
बन जाए विश्व गुरु ये फिर से, मन से प्रण ये लीजिये
ओ मोदी ! भारत को हमेशा विकास ऐसा दीजिए[२]... (२)

है जीवन पर उपकार करने, ऐसी ही शिक्षा मिले,
डिग्री नहीं पर सद्‌गुणों का लक्ष्य बचपन से मिले,
ओ मोदी भारत की प्रजा की बात मन पर लीजीए,
ओ मोदी ! भारत को हमेशा विकास ऐसा दीजिए[२]... (३)

ना आए अच्छे दिन भले पर कोई भी ना बूरा मिले,
है साथ सबका तो यहाँ क्यों विकास सबका ना मिले,
अब 'मेक इन इंडिया' नहीं पर 'मेड इन भारत' कीजीए,
ओ मोदी ! भारत को हमेशा विकास ऐसा दीजिए[२]... (४)

भा = प्रकाश, रत = प्रयत्नशील। जो निरंतर ज्ञान रुपी प्रकाश प्राप्त करने हेतु प्रयत्नशील है, उसी का नाम है 'भारत'

मुझे मुक्ति दो

(तर्ज-क्योंकि तुम ही हो)

बिन मांगे जब इतना दिया है, थोडी कृपा प्रभु और करो, (२)
तेरे ही जैसा मैं बन जाऊ, बस इतना वरदान भी दो....
मुझे मुक्ति दो, बस मुक्ति दो, कर्मो से, मुझे मुक्ति दो....
जन्म से, और मरण से, मेरे दुर्गुणों से मुक्ति दो....

जन्म ना ऐसा जो मैने न धारा, दुःख ही वहाँ हर बार मिला,
बन के अनाथ मैं भवोभव भटका, नाथ तेरा अब साथ मिला,
अब समझा तुझे, दे वो स्थान मुझे, जहाँ पाऊँ ना दुःख मैं जरा....
मुझे मुक्ति दो....

तेरे ही मार्ग पर जो चला है, तेरे ही जैसा वो भी बना है,
तुझसे जिसने दिल ना लगाया, सारे दुःखों को उसने बुलाया,
तेरे जैसा 'हीर' मुझे अब दे, तू ही दानी है सबसे बडा....
मुझे मुक्ति दो....

दुःख अगर पसंद नहीं है तो दोषों से दूर रहना ही पड़ेगा
क्योंकि दुःख का मूल दोषों में ही पड़ा हुआ है ।

भगवान तेरा नाम सुहाना

(राग : आधा है चंद्रमा)

भगवान तेरा नाम सुहाना, नाम सुहाना,
भक्त हृदय में तेरा धाम सुहाना, तेरा धाम सुहाना,
भगवान तेरा नाम.....

देखी जब से मूरतीया तेरी, उड़ी आँखों से निंदिया मेरी,
सुनी जब से बाते मैने तेरी, लगी तब से लगन मुझे तेरी,
जागूँ सारी-सारी रात, करुं तुझको ही याद [२],
और सपनों में गाऊ मैं तेरा गाना...
भगवान तेरा नाम.....(१)

करे तुझसे जो प्रीत सगाई, लगे सुख भी उसे दुःखदाई,
रहे दुःख भी जो जीवन में स्थाई, पर मन में तो शांति सदाई,
करे कर्मो की हान, घटे तृष्णा महान [२],
बने तेरे ही जैसा वो तेरा दीवाना...
भगवान तेरा नाम.....(२)

सारा संसार लगता है खारा, लगे तू ही मुझे सबसे प्यारा,
लिया जिसने भी तेरा सहारा,
बना आखिर वो दुनिया से न्यारा,
करे तुझसे जो प्यार, पाए फिर ना अवतार[२],
मिले आतम गुण-रश्मि का 'हीर' खजाना...
भगवान तेरा नाम.....(३)

प्रभुवर तेरा परचा बड़ा है

(राग : झिलमिल सितारो का आंगन होगा)

प्रभुवर तेरा परचा बड़ा है, दुनिया में तेरा नाम बड़ा है,
भक्त हृदय में आज तुम्हारा धाम बड़ा है ...

प्रभुवर तेरा...

तेरे द्वार पे जो भी आए, खाली हाथ वो जाए ना,
भक्त तुम्हारा दुर्गतियों में, भूल से भी जाए ना,
दोषों से तेरा झगड़ा बड़ा है...

दुनिया में तेरा.....(१)

भवसागर के खारे जल में, मीठा तेरा साथ है,
इस दुनिया में सबसे ज्यादा, मीठी तेरी बात है,
मार्ग तुम्हारा सुंदर बड़ा है...

दुनिया में तेरा.....(२)

स्वारथ की इस दुनिया में बस, तू ही सबसे न्यारा है,
सभी जीव शाश्वत सुख पाए, ऐसा भाव तुम्हारा है,
तेरा ही पद तू देने खड़ा है...

दुनिया में तेरा.....(३)

तेरे प्यार में जो पागल है, उसने सब कुछ पाया है,
तेरी आतम गुण-रश्मि का, 'हीर' उसमें आया है,
मोहराज तेरे चरण पड़ा है...

दुनिया में तेरा.....(४)

तेरा प्रभु हो साथ सदा

(तर्ज : तेरा मेरा प्यार अमर)

तेरा प्रभु हो साथ सदा, ऐसा मुझे तू स्थान बता,
मिलने तुझे मैं तड़पु सदा, अब तो बता दे तेरा पता.....

पाप करके नित मैं हँसा, कर्म के कीचड में फँसा,
चाहूँ पर निकल ना सकूं, ऐसी है अब मेरी दशा,
जाऊँ कहाँ मैं तेरे सिवा ? किसको कहुँ मैं मेरी व्यथा ?
तेरा प्रभु हो.....(१)

जानकर मैं सोता रहा, धर्मक्षण को खोता रहा,
भोगसुख को पाने सदा, मैं बहुत ही रोता रहा,
तुझको ही पाने मैं रोऊँ सदा, ऐसी मुझे दे रागांधता,
तेरा प्रभु हो.....(२)

सुख में तुझे मैं भूलुँ सदा, दुःख में ही ढूँढू मैं तेरा पता,
पाप से ही दुःख जानूँ सदा, पर पाप को मैं ना छोडता,
सुख में भी तुझको ना भूलुँ कदा, दुःख में भी मुझको दे आनंदिता,
तेरा प्रभु हो.....(३)

सुख से मुझे दे निःस्पृहता, जग से मुझे दे वैराग्यता,
मुझमें भी प्रगटे वीतरागता, ऐसी मुझे दे सामर्थ्यता,
'हीर' कहे प्रभु दर्श दिखा, अब ना मुझे तू और सता,
तेरा प्रभु हो.....(४)

हम अगर हमारे हृदय में सभी जीवों को स्थान देंगे तो ही प्रभु भी हमें अपने हृदय में स्थान देंगे ।

मैंने प्रियतम तुझे मेरा माना

(तर्ज : इतनी शक्ति हमें देना दाता)

मैंने प्रियतम तुझे मेरा माना, तेरे पीछे ये छोड़ा जमाना,
माँगू इतना ही तुझसे प्रभु मैं, तेरे जैसा ही मुझको बनाना.....
आ..... हो.....

प्रीत तुझसे जो मेरी जुड़े ना, मेरे दुःख भी तो मुझसे मुड़े ना,
मैं भटकता रहा इस जहाँ में, मेरी दृष्टि भी तुझ पर पड़े ना,
आज सन्मुख है तू मेरे फिर भी, मुझको तू ही लगे ना सुहाना,
माँगू इतना ही तुझसे प्रभु मैं.....(१)

मैंने संसार का सार जाना, स्वार्थ का हैं ये सारा घराना,
मारकर खुद के मुँह पर तमाचा, अपने गालों को लाल बताना,
मेरे आँसू यहाँ पर सूखे ना, कौन सुनता यहाँ मेरा रोना ?
माँगू इतना ही तुझसे प्रभु मैं.....(२)

तेरी हस्ती भी मैंने न मानी, माना तुझको न मेरा सुकानी,
नाव मेरी यहाँ डूब रही है, भव समंदर बना है तूफानी,
मेरी डूबती ये नैया बचा ले, बन के नाविक किनारा दिखाना,
माँगू इतना ही तुझसे प्रभु मैं.....(३)

तेरी प्रीति जो मुझको मिले तो, बादशाहत की इच्छा मुझे ना,
भवभ्रमण से मैं अब थक गया हूँ, बंद कर दे तू मेरा भटकना,
तेरी गुणरश्मि का 'हीर' पाऊँ, मेरी इच्छा को पूरी तू करना,
माँगू इतना ही तुझसे प्रभु मैं.....(४)

ओ प्राण प्यारे मेरे नाथ

(तर्ज : आ लौट के आजा मेरे मीत)

ओ प्राण प्यारे मेरे नाथ, मुझे तेरा साथ अब दे तू,
मेरा कोई नहीं संगाथ (2) मुझे तेरा साथ अब दे तू,
ओ प्राणप्यारे मेरे नाथ.....

समझा था अपना, निकला पराया, कैसी है जग की ये माया,
मूरख बना मैं, मुझसे ही जग में, खुद को समझ नहीं पाया,
मेरे कितने कहूँ अवदात, मुझे तेरा साथ अब दे तू....
मेरा कोई नहीं संगाथ.....(१)

हँस ना सकूँ मैं, रो ना सकूँ मैं, ऐसा जीवन मैंने पाया,
कह ना सकूँ मैं, सह ना सकूँ मैं, कर्मों ने ऐसा नचाया,
मेरी कौन सुने यहाँ बात, मुझे तेरा साथ अब दे तू....
मेरा कोई नहीं संगाथ.....(२)

पाया ना परखा, तुझको भी मैंने, व्यर्थ नयन मेरे पैने,
जाना ना माना, तेरा ही मैंने, जिससे पड़े दुःख सहने,
मेरे दुःख का कर प्रतिघात, मुझे तेरा साथ अब दे तू....
मेरा कोई नहीं संगाथ.....(३)

भाव बिना करुं भक्ति मैं तेरी, पर माफ कर भूल मेरी,
चारगति के चक्कर से छूटने, आया हूँ शरण मैं तेरी,
कहे 'हीर' यही दिन रात, मुझे तेरा साथ अब दे तू....
मेरा कोई नहीं संगाथ.....(४)

भगवान का जवाब

(तर्ज : तू मने भगवान एक वरदान आपी दे)

(भक्त की विनती)

ओ ! मेरे भगवान यह वरदान मुझको दे,
तू जहाँ रहता वहाँ पर स्थान मुझको दे,

(प्रभु का जवाब)

दास को प्रभु ने भी फिर उत्तर सुना दिया,
मार्ग यह भगवान बनने का बता दिया,

जिस तरह मैंने सहा, जो तू भी सहन करे,
तो भगत ! बस आज ही, तू स्थान मेरा ले,.....

(अंतरा) साधना करनी नहीं, बस बात करनी है,
साधनों में जिंदगी बरबाद करनी है,
धर्म बस तन से नहीं, पर मन से भी पाले,
तो भगत ! बस.....(१)

प्रीत इस संसार की जो तू नहीं तोड़े,
तो ये कातिल कर्म फिर कैसे तुझे छोड़े ?
रक्त की हर बूंद में मुझको बसा तू ले,
तो भगत ! बस.....(२)

भोग सुख में लीन बन मुझको स्मरे कब तू ?
मार पड़ती कर्म की तब ही जपे रब तू,
सुख भरे संसार में भी जो तू ना म्हाले,
तो भगत ! बस.....(३)

जड़ की खातिर जीवगण को जो तू तडपाए,
तो बता कैसे तू मेरा स्थान तब पाए,
दुःखी जीवों को खुद से ज्यादा जो तू संभाले,
तो भगत ! बस.....(४)

स्वप्न में भी पाप से जो तू नहीं धूजे,
धर्म की बातें भी फिर कैसे तुझे सूझे ?
ना मुझे माने तू फिर भी मेरा जो माने,
तो भगत ! बस.....(५)

दुर्लभ ये मानव जनम फिर कब तू पाएगा ?
मोक्ष की बातें भी फिर कब तू सुन पाएगा ?
जिंदगी की हर घड़ी में 'हीर' प्रगटा दे,
तो भगत ! बस.....(६)

'दूसरों की तरफ से तुम्हारे प्रति किया गया
जो वर्तन और व्यवहार तुम्हे पसंद नहीं आता
वैसा वर्तन और व्यवहार तुम्हे भी दूसरों के साथ
नहीं करना चाहिये' यहीं धर्म का सार है ।

अर्पण कर दूँ सब तुझको

(तर्ज : दुनिया में कितना गम है,)

आज प्रभु तू मिला मुझको, अर्पण कर दूँ सब तुझको,
चाहे तारे के मारे तू, सौंप दिया जीवन तुझको.....

काल अनंत से भटक रहा हूँ, जान के भी ना अटक रहा हूँ,
मार्ग से तेरे दूर रहा, पाप में ही चकचूर रहा,
सद्‌बुद्धि दे तू अब मुझको, अर्पण कर दूँ सब तुझको.....
चाहे तारे के मारे तू.....(१)

मेरा विषय बनी जग की माया, जान के तुझको मैंने भुलाया,
जानूं जग तो सपना है, मानूं तू ही अपना है,
फिर भी न सूझे यह मुझको, अर्पण कर दूँ सब तुझको.....
चाहे तारे के मारे तू.....(२)

खाइ हैं अब तक कर्म की लातें, समझा हूँ अब मैं तेरी बातें,
योगदशा को पाना है, जीवन सफल बनाना है,
ऐसा 'हीर' तू दे मुझको, अर्पण कर दूँ सब तुझको.....
चाहे तारे के मारे तू.....(३)

जैसे भोजन मात्र खाने से नहीं परंतु पचाने से शक्ति मिलती है वैसे ही धर्म के सिद्धांतों को भी मात्र जानने से नहीं परंतु अपनाने से ही शांति मिलती है ।

जब अपना यहाँ नजर

(तर्ज : तेरी उम्मीद तेरा इंतजार करते है,)

जब अपना यहाँ नजर न कोई आता है,
तब हरदम मुझे प्रभु तू याद आता है,

मेरी इच्छा विरुद्ध जब यहाँ पे होता है,
तब हरदम मुझे प्रभु तू याद आता है....

सुख में जरा भी तेरा नाम न लूँ,
तूने ही दिया है सब ये बात भूलूँ,[२]
जब दुःख का पहाड़ मुझ पे टूट जाता है, तब हरदम....(१)

जब मेरा शरीर मस्त बने,
तब बाँधू मैं रोज पाप घने,[२]
जब काया में मेरी रोग फूट जाता है, तब हरदम.....(२)

जब होता हैं मेरा नाम बड़ा,
तब मानुँ मैं खुद को तुझसे बड़ा,[२]
जब अपमान जहर मुझको पीना पड़ता है, तब हरदम.....(३)

अब संसार भी असार लगे,
बस तुझमें ही एक सार लगे,[२]
जब तुम जैसा 'हीर' मुझमें नही आता है, तब हरदम.....(४)

अगर तुम पेंसिल बनकर किसी का सुख लिख ना सको तो रबर बनकर दूसरों का दुःख तो जरूर मिटाना ।

प्रभु की चिट्ठी

(तर्ज : चिट्ठी आई है,)

चिट्ठी आई है, आई है, चिट्ठी आई है,
चिट्ठी आई है, प्रभु की चिट्ठी आई है,
बहुत जनम के बाद, लेकर प्रभु की फरियाद[2],
मुक्ति की मिट्टी आई है..... चिट्ठी आई है.....

ऊपर मेरा, नाम लिखा है, अंदर ये पैगाम लिखा है,
ओ ! संसार में, रहने वाले, कर्म की मार को, सहने वाले,
काल अनंत से, घूम रहा तू, नश्वर सुख को, चूम रहा तू,
शाश्वत सुख है, तेरे अंदर, क्यों भटके तू, बनकर बंदर ?
अंत में तेरे, साथ क्या आया ? मुझको छोड़के, तुने क्या पाया ?
चिट्ठी आई है.....(१)

धन के लिये तू, धर्म को त्यागे, मुझसे भी भोग की, भीख तू मांगे,
योग दशा को, तूने न पाई, भव की भ्रमणा, व्यर्थ बढाई,
मेरी ही बात में, करता दलीलें, नाम को करने, जहर भी पी ले,
कल क्या होगा ? तू नही जाने, फिर भी तू खुद को ईश्वर माने,
सुख से डरे तू, दुःख को वरे तू, हँसते हुए जो, सहन करे तू,
तो ही मुझसे, होगी सगाई, शुद्धि बिना सिद्धि नहीं भाई,
चिट्ठी आई है.....(२)

दुःख देकर तू, सुख क्यों मांगे ? सुख के मार्ग से, दूर क्यों भागे ?
पाप में निशदिन, तू जगता है, अपनी ही जात को, क्यों ठगता है ?
दुर्लभ मानव, जनम तू पाया, अब तो सुधर जा, मेरे भाया,
अपने मन को, अब तू मना दे, शुद्ध स्वरूप को लक्ष्य बना दे,
तेरा स्वरूप भी, मेरे जैसा, जो पाना हो तो, छोड़ दे पैसा,
प्रीत पराई, छोड के आजा, कर्मों का पिंजरा, तोड़ के आजा, (२)
आजा जग तो, दुःख से भरा है, मुक्ति नगर में, सुख पूरा है,
चिट्ठी आई है.....(३)

भगवान बनने का मार्ग

(तर्ज : चढ़ता सूरज धीरे धीरे ढ़लता है, ढल जाएगा)

साखी-हुए इस जहाँ में अवतार कैसे कैसे,
भटकता रहा तू हर बार कैसे कैसे.....

तू प्रभु की इच्छा को जीवन में अपनाएगा,
चौरासी के चक्कर से तो ही छूट पाएगा,
प्रभु की भक्ति से ही भगवान तू बन जाएगा,
बन जाएगा^{२}..... बन जाएगा^{२}.....

भोगसुख में पागल बन धर्म को तू भूला है,
उजले वस्त्र में फिरता, जात से बगुला है,
साधना की बातें तू, करता लंबी चौड़ी है,
साधनों के पीछे ही, तेरी दौड़ा-दौड़ी है,
क्रोधी-मानी-मायावी, लोभी बन तू बैठा है,
आतमा के हित में ही, तू यहाँ क्यों रूठा है ?
छोटी-छोटी बातों में, क्यों यहाँ झगड़ता है,
कर्मयुद्ध में हरदम, नाक तू रगड़ता है,
मानव भव दुर्लभ तू, फिर कहाँ से पाएगा ?
पास आके गंगा के, प्यासा लौट जाएगा,
आज पी ले..हो..आज पी ले धर्म का, अमृत यहाँ मिल जाएगा,
थोड़ा-थोड़ा पीकर भी, अमर तू हो जाएगा,
प्रभु की भक्ति से ही भगवान तू बन जाएगा.....(१)

तू अकेला आया है, और अकेला जाएगा,
पाप-पुण्य के सिवा, क्या तेरे साथ आएगा ?

हँसते-हँसते पापों को, बांधता हैं दीवाने,
रोते-रोते भी कैसे, इनसे छूट पाएगा ?
ताश के महल जैसा, तेरा ये घराना है,
क्या तुझे पता है कि, कब यहाँ से जाना है ?
मृगजल की माया में, सार क्या तू पाएगा ?
रत्न जैसे भव को भी, व्यर्थ ही गवाँएगा,
पशुओं जैसा जीवन क्या, इसको भी बनाना है ?
सोच तो जरा दिल में, क्या यहाँ पे पाना है ?
सद्गुणों को..हो..सद्गुणों को जीवन का लक्ष्य जो बनाएगा,
अर्क तेरी आतमा का हाथ तेरे आएगा,
प्रभु की भक्ति से ही भगवान तू बन जाएगा.....(२)

जड़ का राग-जीवद्वेष, तेरी कमजोरी है,
इसको दूर कर दे तो, तू ही जग का धोरी है,
जिसको तूने पाया है, वह तो सुख का बिन्दु है,
झाँक तेरे अन्दर ही, सुख का महासिंधु है,
यह भव समंदर है, तू यहाँ क्यों डूबा है ?
देख तेरे सन्मुख ही मुक्ति महबूबा है,
आँख बंद होने से, पहले आँख खुल जाए,
जिंदगी का मकसद भी, तो तेरा बदल जाए,
कर्मनाश का बीड़ा, तू भी जब उठाएगा,
मुक्ति के नगर का तब, राज्य तू भी पाएगा
आज जी ले..हो..आज जी ले ऐसा कि मौत फिर न आएगा,
आत्मगुण रश्मि का 'हीर' तो बढ़ जाएगा,
प्रभु की भक्ति से ही भगवान तू बन जाएगा.....(३)

प्रभु तेरा ये कैसा रहम

(तर्ज : ये तो सच है कि भगवान है,)

प्रभु तेरा ये कैसा रहम ? मैं भटकता था जनमो जनम,
अति भारी हैं मेरे करम, दिया फिर भी ये मानव जनम.....

आर्य देश-सुकुल, निरोगी ये शरीर, पंचेंद्रिय पूर्णता, दीर्घायु भी,
तीव्रबुद्धि भी दी, शुभ संयोग भी, धर्म की बात भी, मैंने सुनी सभी,
पर श्रद्धा है मेरी नरम, नहीं करता मैं मन से धरम,
अति भारी हैं मेरे करम.....(१)

शुद्ध देव-गुरु-धर्म मुझको दिया, शुभ संस्कार से, मुझे वासित किया,
अति दुर्लभ है जो, इस संसार में, ऐसे कल्याण मित्रों का योग दिया,
पर मोह का है आवरण, पड़े उलटे ही मेरे चरण,
अति भारी हैं मेरे करम.....(२)

धर्म की आड़ में, ठगा मैंने जगत, निज स्वार्थ के हेतु, बढ़ाए भगत,
निज दोष कभी, नहीं साफ किये, धर्म के नाम पर, बड़े पाप किये,
आई मुझको न तेरी शरम, धर्म को मानता मैं भरम,
अति भारी हैं मेरे करम.....(३)

खुब भटका हूँ मैं, इस संसार में, अब चाहूँ नहीं, फिर अवतार मैं,
नहीं करता भले, तुझसे प्यार मैं, पर ले ले मुझे, तेरे परिवार में,
'हीर' की है ये विनती चरम, तेरी गुणरश्मि देना परम,
अति भारी हैं मेरे करम.....(४)

तू ही तू ही अब दिल ये पुकारे

(तर्ज-कहीं दूर जब दिन ढल जाए...)

तू ही तू ही, अब दिल, ये पुकारे,
मिलना है तुझसे, प्रभु तू कहाँ रे, मुझको बता दे,
तेरी ही छाया, की माया में,
रहना है मुझको, अब तो सदा रे, अब तो सदा रे...

गाउ कैसे, शब्द मेरे, निकल न पाए,
हर्ष से ये आँखे तुझे, आँसू चढ़ाए,
मिला है मुझको, काल अनंते,
अब नहीं होना तू, मुझसे जुदा रे, मुझसे जुदा रे...
तू ही तू ही अब... ...१

नाम रटूं, तेरा पर, तू ही क्यों न भाए,
पहेली ये मन मेरा, सुलझा न पाए,
मिले जो सुख वो, तेरी बदौलत,
फिर भी मैं तुझसे, दूर रहा रे, दूर रहा रे...
तू ही तू ही अब... ...२

तू जो मिले, तो ये भव, सफल हो जाए,
भवोभव का ये मेरा, फेरा मिट जाए,
तेरे ही जैसा, मैं बन जाऊँ,
'हीर' तू ऐसा, मुझमें जगा दे, मुझमें जगा दे...
तू ही तू ही अब... ...३

हे जीव ! तू दूसरों के दुःखों को दूर कर और
खुद में रहे हुए दोषों को दूर कर ।

आज प्रभु मोरे घट आओ

(तर्ज- चौक पूराओ-माटी रंगाओ)

मुझको बचाओ, भव से तिराओ, आज प्रभु मोरे घट आओ^2,
मुझको जगाओ, मार्ग दिखाओ,
मुक्ति का मुझमें रस प्रगटाओ^2,

हा रे... काल अनंते तू मिला, हा रे...
तुझसे ही सुख है मिला, तुझसे ही पाई है मैने भलाई,
हा रे... तेरे बिना भटका जहाँ,
हा रे... दुःख ही पाया है वहाँ,
अब ना चाहूँ मैं तुझसे जुदाई...

सुख में ना अटकूं, और ना भटकूं,
आज प्रभु मोरे घट आओ... (१)

हा रे ... मेरा आतम राम है तू,
हा रे... मैं हूँ राधा, श्याम है तू,
तुझसे ही की है अब मैने सगाई,
हा रे... तुझमें ही खोया रहूँ, और किसे अपना मैं कहूँ,
तूने ही मुझको अब मुझसे मिलाई,
दोष घटाओ, 'हीर' बढ़ाओ, आज प्रभु मोरे घट आओ..(२)

अति मूल्यवान समय को बरबाद करने वाला
खुद भी जल्दी ही बरबाद हो जाता हैं...

मुझको सुख इस जहाँ में

(तर्ज : आसरा इस जहाँ का)

मुझको सुख इस जहाँ में मिले ना मिले,
तेरे चरणों की सेवा मुझे चाहिये,

मुझको मुक्ति में डेरा मिले ना मिले,
तेरे दिल में बसेरा मुझे चाहिये...

पाया पुण्योदये मैंने मानव जनम,
फिर भी तुझको बनाया ना मेरा सनम,
मेरी पुण्य की राशि बढ़े ना बढ़े,
तुझसे प्रीति बढ़े ये मुझे चाहिये.....(१)

मिला सुख जो जीवन में तो लीन बना,
और दुःख में अतिशय मैं दीन बना,
मेरे दुःख के ये पर्वत घटे ना घटे,
मेरे दोष घटे ये मुझे चाहिये.....(२)

पाप में रस धरुं, तुझपे शंका करुं,
तेरी आज्ञा का मन से ना पालन करुं,
मेरा सद्भाग्य भी जो बढ़े ना बढ़े,
तुझपे श्रद्धा बढ़े ये मुझे चाहिये.....(३)

एक विनती करुं तुझसे हर बार मैं,
मेरे परमेश्वरा तेरे दरबार में,
मेरी सत्ता जगत मे बढ़े ना बढ़े,
मेरा 'हीर' बढ़े ये मुझे चाहिये.....(४)

प्रभु अब तुझसे दिल लगाना है

(तर्ज- धीरे - धीरे प्यार को बढ़ाना है...)

प्रभु अब तुझसे दिल लगाना है, प्यार तेरा पाना है,
धीरे - धीरे पास तेरे आना है, तुझमें समा जाना है[2],

तू भी था मेरे जैसा, आचरण किया ऐसा,
जिससे तूने पाया है, सुख भरपूर,
मुझको भी कहा तूने, बात ना सुनी मैने,
पाया दुःख अनंता मैं, रहके तुझसे दूर,
अब तो सुख अनंत पाना है, तुझमें समा जाना है,
प्रभु अब तुझसे..... १

भव अनंत भटका हूँ, भोग सुख में अटका हूँ,
जानकर भी खोले हैं, दुर्गति के द्वार,
खुद को ही मैं भूला हूँ, बस अहं में फूला हूँ,
जीत के समय में भी, पाई मैने हार,
बस अब खुद को ही जिताना है, तुझमें समा जाना है,
प्रभु अब तुझसे.....२

दौड़ में जीवन खोया, बाद में बहुत रोया,
पर ये पुनरावर्तना, की मैने हर जनम,
अब तेरा वचन पाया, मुझको होश है आया,
ऐसा हीर मुझको दे, फिर ना हो जनम,
प्रभु तेरा स्थान मुझको पाना है, तुझमे समा जाना है,
प्रभु अब तुझसे..... ३

ये दुर्गुण ही हमें भटकते है

(तर्ज : ये बंधन तो प्यार का बंधन है)

शाश्वत सुख को पाता है, ना फिर कभी दुःख आता है,
निज दुर्गुण को जो भगाए, भगवान वो बन जाता है,
ये दुर्गुण ही हमें भटकाते है, भवोभव में घुमाते है ।[२]

धर्मक्रिया सब करते, पर अंदर से डरते,
अगला जनम कैसा पाऐंगे ? प्रश्न ये खुद से करते,
जो निर्भयता है पाना, तो खुद को ये समझाना,
सद्‌गुण को अब अपनाना, दुर्गुण को दूर भगाना,
ये दुर्गुण ही हमें भटकाते है... (१)

पंथ-ग्रंथ से हट के, धर्म समझ लो रट के,
निज दोषों का नाश हो जिससे, कार्य वो कर लो डट के,
जो आतम शुद्ध बनाए, वो खुद का 'हीर' जगाए,
संसार में फिर वो यहाँ पर, अवतार कभी ना पाए,
ये दुर्गुण ही हमें भटकाते है... (२)

जो पसंद है उसे पाने का निरर्थक प्रयास करने
के बदले जो मिला है उसे पसंद कर लो तो
प्रसन्नता हाथ में ही है ।

दुर्लभ मिला है तुझको

(तर्ज- आए हो मेरी जिंदगी में तुम बहार बनके)

दुर्लभ मिला है तुझको, मानव जनम ये प्यारा,
पाकर इसे जो खोया 2.... हाय, मुश्किल है फिर दुबारा..... दुर्लभ मिला हैं.....
नजदीक है यहाँ से, मुक्ति रुपी किनारा,
पाकर इसे जो खोया 2.... हाय,मुश्किल है फिर दुबारा..... दुर्लभ मिला हैं.....

पशुओं के जन्म में भी, जो भोग तूने पाए,
उसके लिये ये मानव, का जन्म क्यों गँवाए ?
जीना था जो पशुवत्, तो जन्म क्यों ये धारा ?
पाकर इसे जो खोया.....(१)

रोते हैं देवता भी, मानव जनम को पाने,
ईर्ष्या करे वो तेरी, पर तेरे ना ठिकाने,
रोना पड़ेगा तुझको, जो जन्म ना सुधारा,
पाकर इसे जो खोया.....(२)

भगवान बन सके ऐसी क्षमता को तू धारे,
इन्सान तो तू बन जा, बस 'हीर' ये पुकारे,
कर काम ऐसा कि हो, अवतार ना दुबारा,
पाकर इसे जो खोया.....(३)

ओ मेरे भगवान

(तर्ज : ए दिले नादान्)

ओ मेरे भगवान... ओ मेरे भगवान...
अब तो पार लगा... बस यही अरमान
ओ मेरे भगवान...

सुख की आशा में... तू न याद रहा...
दुःख बहुत ही सहा...
की है मैने खता... मुझको सब है पता...
तू ना और सता...
सुख से डरता रहूँ ... दुःख को हँसते सहुँ ...
और क्या मै कहूँ ... इतना कर अहसान...
ओ मेरे भगवान... (१)

मोह छूटे ना... पाप खूटे ना...
भोगों से मेरा... मन ये उठे ना...
तेरे बिन ओ प्रभु... कौन मेरा यहाँ ?
जन्म होगा कहाँ ?
करुणा सागर तू, करुणा कामी हूँ,
मेरा 'हीर' बढ़े, इतना दे वरदान...
ओ मेरे भगवान... (२)

'रास्ता गलत है' पता चलते ही रास्ता बदलने वाले हम
'संसार में सुख नहीं है' यह पता चलने के बाद भी
संसार को छोड़ने के लिये तैयार क्यों नहीं ?

मेरे भगवान ओलवेज उपकारी

(तर्ज - व्हाय दिस कोलावेरी^{3} डी)

संकेत → स्पीच : (s)

